संख्या:10/2015/303/पैंतीस-2-2015-3/39(15)/14

प्रेषक,

कृष्ण कान्त अस्थाना,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आर्थिक बोध एवं संख्या निदेशक,
उ0प्र0, लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-2 **लखनउ: दिनांक 26 मार्च, 2015**

विषय- **अर्थ एवं संख्याधिकारी बरेली कार्यालय के राजकीय वाहन का प्रतिस्थापन किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या: 178/ले0-14/2014, दिनांक 16.03.2015 का संदर्भ ग्रहण करे।

2- शासन के पत्र संख्या: 1458/पैतीस-2-2014, दिनांक 16.01.2015 द्वारा कार्यालय अर्थ एवं संख्याधिकारी बरेली के राजकीय वाहन संख्या- यू0जी0ए0-4891 मेक माडल मार्च, 1985 को निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने के फलस्वरूप महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा फर्म से डी0जी0एस0एण्ड डी0 दर पर एक बोलेरो वाहन माडल BOLERO DL 2wd 7 STR BS3 NAC लागत रू0 5,38,476/- की क्रय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। आर्थिक बोध एवं संया निदेशक के उपर्युक्त संदर्भित पत्र दिनांक 16.03.2015 द्वारा प्रश्नगत वाहन की डी0जी0एस0एण्ड डी0 रेट दर में वृद्वि के फलस्वरूप लागत रू0 5,64,052/- (सभी कर सहित) हो जाने के दृष्टिगत बढी हुई लागत की धनराशि रू0 25,576/- के भुगतान की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय वाहन संख्या- यू0जी0ए0-4891 के निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने के फलस्वरूप प्रश्नगत वाहन BOLERO DL 2wd 7 STR BS3 NAC का क्रय किये जाने हेतु डी0जी0एस0एण्ड डी0 रेट कन्ट्रेक्ट लागत में हुई वृद्वि रू0 25,576/- (रू0 पच्चीस हजार पांच सौ छिहत्तर मात्र) का भुगतान संबंधित फर्म को किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

4- प्रश्नगत वाहन का क्रय निर्धारित प्रक्रिया एवं सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन करते हुए किया जायेगा।

5- इस संबंध में होनेवाला व्यय वित्तीय वर्ष् 2014-15 में अनुदान संख्या-40 के लेखाशीर्षक 3454-जनगणना सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी-02-सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी-आयोजनेत्तर-001-निदेशन तथा प्रशासन-03- अर्थ एवं संख्या निदेशालय की मद 14- कार्यालय प्रयोगार्थ स्टाफ कार्य/मोटर गाडियों का क्रय के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(कृष्ण कान्त अस्थाना)
उप सचिव।

संख्या: 10/2015/303(1)/पैतीस-2-2015-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार लेखा परीक्षा, सत्य निष्ठा भवन, 15 थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
5. वित्त (लेखा) अनुभाग-1
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त केन्द्रीय सहायता अनुभाग।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. कोषाधिकारी, बरेली
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कृष्ण कान्त अस्थाना)
उप सचिव।